उस क़ौम को शमशीर की हाजत नहीं रहती, हो जिसके जवानों की ख़ुदी सूरते फ़ौलाद।

ऑल वर्ल्ड बोहरा जर्नल

(मासिक)

रजि: **RAJH/9396** पोस्ट रजि. नं.**RJ/SR/29/12/2006-08** 7, अगस्तः 2008 वर्ष –16 अंक 2 मूल्य 3 रु वार्षिक 35/– रु.

स्टुडेंट वेलफेयर सोसायटी ने विलादते अमीरूल मूमिनीन मनाया

उदयपुर 13, जुलाई । मौलाए कायनात अमीरूल मूमिनीन की विलादते के मौके पर स्टुडेंट वेलफेयर सोसायटी की जानिब से एक प्रोग्राम मुनाअकिद् किया गया। प्रोग्राम की शुरूआत आसिब पलाना के तिलावते कलाने पाक से हुआ। जिसके मुख्य अतिथी शहर के प्रमुख उद्यमी श्री घनश्याम कृष्णावत, विशिष्ठ अतिथी मशहुर क्रिकेट खिलाड़ी व अंतराष्ट्रीय एम्पायर श्री मधुसूदन राणावत रहे अध्यक्षता आबिद अदीब सहाब ने की। इस मौके पर 8 साल के अफरोज़ अहमद खोलिया वाला ने इमाम आली की जिंदगी पर प्रकाश डाला जिसे पूरी सभा की और से सराहा गया।

आयोजन में शहीद रजब अली मेमोरियल टूर्नामेन्ट में जीत हासिल करने वाले बच्चों को इनामात भी तकसीम किये गये। बच्चों की खेल में दिलचस्पी का अदांजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि इस खेल में कुल 485 प्रतिभागी थे। आयोजन में सेक रेस, हर्डल रेस, थ्री लेग रेस, साईकिल रेस, केरम, चेस, टेबल टेनिस, क्रिकेट, चेयर रेस आदि के टूर्नामेन्ट रखे गये।

इस मौके पर बोलते हुए श्री मधुसूदन राणावत ने बताया कि खेलों की हमारे जीवन निर्माण में महत्ती भूमिका होती है। बच्चों के भविष्य निर्माण में खेल भी एक विषय बन चुका है। मैं पिछले 35 सालों से समुदाय से सम्बध हुँ। समुदाय सहत, संस्कार और खेल को पूरा महत्व देता है। इसीलिये काफी पहले यहां बच्चों की क्रिकेट कल्बें हुआ करती थी जो इन तीनों गुणों के निर्माण में सहायक होती थी।

मुझे इस बात की बेहद खुशी है कि बच्चों में इस भवना का फिर से विकास हो रहा जो समय की मांग है। आपने रजब अली मेमोरियल टुर्नामेन्ट में जीत हासिल करने वाले बच्चों को इनाम तकसीम किये।

श्री घनश्याम कृष्णावत ने अपने उद्घोष में कहां कि जिस तेजी से संस्कृति का हास हो रहा है वह न सिर्फ स्वंय बल्कि परिवार, समुदाय व अंततः देश के पतन का कारण बनेगा। आपने मेवाड़ की सांस्कृतिक धरोहर को सजीव बनाने के लिये संस्थागत प्रयास का अह्वान किया व बोहरा यूथ द्वारा सम्प्रादायिक सोहार्द के लिये किये गये प्रयासों को सराहा। आपने क्रिकेट में विजेता रहे प्रतिभागीयों को परितोषिक वितरित किये।

बोहरा यूथ के सचिव लियाकत अमर ने बताया कि जब से स्टुडेंट वेलफेयर ने खेलों का अयोजन करना शुरू किया है तब से मैं प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से जुड़ा हूँ। बोहरा समुदाय का खेल से जुड़ाव लम्बे समय से रहा है। और समुदाय में खेल के विकास के लिये कई कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। परन्तु अब तक राष्ट्रीय स्तर तक कोई प्रतिभा नही सामने आ पायी है। इस दिशा में बोहरा यूथ ने संस्थागत प्रयास शुरू करते हुए बोहरा यूथ ने स्पोंटस् अकादमी की बुनियाद डाली। मैं सभी प्रतिभागीयों से विनती करता हुँ कि इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाये। मुझे खुशी है कि इस बार क्रिकेट मे 7 टीमों ने हिस्सा लिया और BASE का पूरा फायदा भी उठाया गया।

कृष्णावत जी एक उद्यमी बाद में पहले बहुत अच्छे खिलाड़ी रह चुके हैं। आपके साथ मैंने जीवन का बहुत अच्छा समय गुजारा है। आपका सांस्कृतिक धरोहर बचाने का प्रयास सराहनीय है। बोहरा यूथ का एक ध्येय शहर में सम्प्रादायिक सोहार्द पैदा करना भी है। बोहरा यूथ की कोशिशों से उदयपुर में धार्मिक अवसरो को संयुक्त रूप से मनाने का परम्परा वजूद में आयी। बोहरा यूथ कृष्णावत जी के प्रयासों मे हर संभव मदद करने को सदा तत्पर रहेगी।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में दाउदी बोहरा जमाअत के चेयरमेन आबिद अदीब साहब ने आयोजन को सफल बनाने के लिये कार्यक्रताओं के सहयोग के लिये उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर आपने हजरत अली की फजीलतें बयान करते हुए मुबारक बाद पेश की और स्टुडेन्ट वेलफेयर सोसायटी को पुनः सक्रीय बनाने के लिये सभी छात्र छात्राओं को सराहा और विशेषतः तौसीफ मण्डी वाला व तौसीफ टीडी वाला को सम्मानित किया। आपने बताया बच्चों का होंसला देखते हुए बोहरा यूथ अदोंलन उम्र 35 साल और बढ़ गयी। सभी अगानुतकों से स्टुडेन्टस के सम्मान मे खड़े होकर अभिवादन किया। जनाब सालेद मोहम्मद नायाब ने मौला अली की फजीलते बयान की। एवं जनाब ईस्माईल अली बिस्किट वाले ने भी अपने विचार रखे। संचालन फरहाद हुसैन मंडीवाला एवं शाहीन डी.एम. ने किया।

कार्यक्रम के अंत मे सोसायटी के अध्यक्ष तौसीफ टीडी वाला ने धन्यवाद् ज्ञापित किया।

अगस्त माह के आयोजन ....

◆ 9 अगस्त 2008 बरोज़ शनिवार रात 8.00 बजे रसुलपुरा मस्जिद में जनरल मीटिंग रखी गयी है। मीटिंग जनाब असगर अली इंजीनियर साहब खिताब करेंगे। इसके बाद सेंटरल बोर्ड दाउदी बोहरा कम्यूनिटी के नये मेम्बरों को हलफ उठाने की रस्म होगी।

◆ 10 अगस्त 2008 रविवार को सेंटरल बोर्ड ऑफ दाउदी बोहरा कम्युनिटी के एक्जीक्युटिव कमेटी की मीटिंग कम्युनिटी हॉल में रखी गई है। मीटिंग मैं उदयपुर के अलावा नीमच, अहमदाबाद, मालेगांव, हैदराबाद, मुम्बई वगेराह से कई मेम्बर हज़रात शिरकत करेगें।

◆ 17, अगस्त 2008 बरोज रविवार बोहरा यूथ की जनिब से आम पिकनिक रखी गई है जिसका अतिया फी मेम्बर 80 रू. रखा गया है। अतिया जमा करवाने की अखिरी तारीख 10, अगस्त रखी गई है। 10, तारीख के बाद अतिया जमा करवाने पर 20 पेनल चार्ज लिया जाएगा। प्रोग्राम में शामिल होने के लिये अतिया दाउदी बोहरा जमाअत, दाउदी बोहरा वेलफेयर सोसायटी, स्टुडेंट वेलफेयर

मेडिकेयर सेंटर पर आर्थोपेडिक व फीजीयोथेरेपी सेवाएं प्रारम्भ

बोहरा यूथ मेडीकल रिलीफ सोसायटी की सालाना बैठक तारीख 18, जुलाई को कम्यूनिटी हॉल में सम्पन्न हुई।

अपनी वार्षिक रिर्पोट में सचिव सरफराज़ राज ने वर्ष 2007–08 का लेखा पेश करते हुए भविष्य योजना पर विस्तार से रोशनी डाली और बताया कि जल्द ही विंग एक पोली क्लीनिक के रूप मे कार्य करने की क्षमता अर्जित करेगा जिसे आम सभा द्वारा पास किया गया।

सोसायटी के अध्यक्ष अनीस मियाजी ने बताया कि भविष्य कार्य योजना के अनुरूप वर्तमान में आर्थोपेडीक डॉक्टर और फीजीयोथेरेपी की सेवाएं प्रारम्भ की जा चुकी है। आर्थोपेडीक की सेंवाएं डॉ मनीष अग्रवाल एवं संदीप बडाला द्वारा दी जायेगी।

इस विशेषज्ञ सेवा के प्रराम्भ में 3 दिवसीय शिविर का विधिवत शुभारम्भ दाउदी बोहरा जमाअत के अध्यक्ष आबिद अदीब ने किया। इस आयोजन मे 556 मरीजों ने भाग लिया। शिविर में सुख संजीवनी के श्री विकास जोशी व ओ.पी. महात्मा का भरपूर तआवुन रहा। समापन समारोह डॉ चमन सिंह देवड़ा सयूक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ सेवा श्री उंकार सिंह राठौड़ अध्यक्ष बी. एन. संस्थान एवं हिब्तुल्लाह अत्तारी ने किया।

अंत में सत्र् 2008 –11 के लिये चुनाव सम्पन्न हुए जिसमें सर्व श्री अनीस मियाजी – अध्यक्ष, सरफराज राज – सचिव, शाकिर पृथ्वी राज – उपाध्यक्ष, असगर मूमिन –सह सचिव व हामिद अली महु वाला – एकाउंटेंट नियुक्त किये गये।

दारूल मुतालिया तुल बुरहानियां ने स्थापना दिवस मनाया

दारूल मुतालिअतुल बुरहानिया (बुरहानी लाइब्रेरी) के तत्वाधान में दिनांक 14 जुलाई 2008 को लाइब्रेरी के स्थापना दिवस के अवसर पर ''बोहरा यूथ आन्दोलन उसका भूत, वर्तमान व भविष्य'' विषय पर एक लेख प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साह से भाग लिया।

लाइब्रेरी के सचिव, श्री याकूब ज़हीर ने बताया कि कई लेख बड़े सटीक, विचारोत्तेजक व चेतना को झकझोड़ने वाले थे। अधिकाशं प्रतिभागियों ने आन्दोलन का समग्र जायज़ा लेते हुए इसके भविष्य को लेकर बड़े आशान्वित नज़र आए। आपने कहां कि यह प्रसन्नता का विषय है कि नई पीढ़ी आन्दोलन से न केवल जुड़ी हुई है बल्कि इसके भविष्य के बारे में सोचती भी रहती है, एवं उनकी लेखनी भी काफी प्रभावी है।

प्रतियोगिता के विजेताओं को ''अली डे'' के सुअवसर पर मस्जिद वजीहपुरा में दाऊदी बोहरा जमात के अध्यक्ष श्री जनाब आदिब अदीब ने पुरस्कृत किया। प्रथम पुरस्कार रूपये 1001/– का मोहतरिमा ज़ेनब बानु पिता श्री वारिस अली खाखड़ वाला ने प्राप्त किया।

मोहतरिमा सकीना बानु टीड़ी वाला, मेहजबीन बड़ौदावाला, तबस्सुम बड़ौदावाला, श्री अबुतुराब औड़ा वाला, श्री साबिर हुसैन कादररसियाजी वाला को सांत्वना पुरस्कार से नवाज़ा गया और विशेष पुरस्कार कुमारी फातिमा बानु शब्बीर हुसैन R.G. और फातिमा बानु अकबर अली मण्डीवाला ने प्राप्त किया।

हमारा सवाल : जमाअत की जवाबदेही व पारदर्शिता पर आपके तास्सुरात ?

Accountability and transparency of Jamaat. What are your views on this?

Please send your contribution to: The Editor : All World Bohra Journal , 73 Dr. Zakir Hussain Marg, Udaipur

इदारिया

शायद तेरे दिल में उतर जाये मेरी बात!

दुनिया में जुल्म जब हद से ज्यादा बढ़ जाता है, इन्सानियत का चिराग बुझने लगता है। तब कुदरत की तरफ से पैग़म्बर का जुहूर होता है। लेकिन जब सामाजिक अन्याय ओर बुराईया, समाज के ठेकेदारों की जबरदस्तीयां, धार्मिक उन्माद और अंध–भक्ति अपनी सीमा लांध देती हैं तब जाति, वर्ग, समाज और देश में कोई तहरीक जन्म लेती है। यह तहरीक समाजिक, आर्थिक, राजनैतिक उसूलों से सम्बन्धित होती है। इससे बेशक जंतात्रिक मूल्यों का पतन होना रूकता है और विशेष वर्ग, समाज ओर राष्ट्र का कल्याण होता है। लोगों की तकलीफों को दूर करने वाली एसी तहरीकों को लिये जाहिर है बरसरे इक़तिदार आकाओं की तरफ से विरोध होता है। और जिनका जुल्म भारी कुरबानियां देने के लिये जागे हुए लोगों को मजबूर करता रहता है।

बोहरा यूथ समाज सुधार की तहरीक भी एक ऐसी ही तहरीक है जिसे धर्मांध लोगों ने धर्म विरोधी रंग देकर जनता को भ्रम में डालने की बराबर नाकाम कोशिश की है। जबकि यह तहरीक इस्लाम के दायरे में शरीयत की तमाम उसूलों की पाबंदी करते हुए समाजी बराबरी, इसांनी अधिकारों की हिफ़ाजत, कौम में हर तरह की तरक्की की राहें खोलने, जीवन स्तर बढ़ाने, नयी पोध के लिये सहुलियतें पैदा करने और तानाशाहों के जुल्म और ज़्यादतीयों से कौम को राहत दिलाने के लिये शुरू हुई है। यही वक्त का तक़ाज़ा भी है।

लेकिन ऐसे कारनामें अंजाम देने मैं इसे भारी भरकम कुरबानियां देने को मज़बूर होना पढ़ा है। घर टुटे है, दिलों में दरारें पढ़ी है, रिश्तों में बिखराव हुआ है, पुलिस, अदालतों और जैलों की सख्तीयां सहनी पड़ी है। धार्मिक स्थलों जाने की पांबदी तो अभी भी कायम है। फिर भी इन कठिन मंज़िलों को पार करती हुई यह तहरीक रचनात्मक कामों को कामयाबी के साथ हमेशा अंजाम देती रही है। उदयपुर शहर के सम्प्रादायिक वातावरण को खुशग्वार बनाने के लिये विरोधी फरमान के बावजूद ईद–दिवाली मिलन के जश्न कितने कामयाब रहे हैं। यह जनता अच्छी तरह जानती है कि उदयपुर में जरूरत मंद मरीजों को खून देने की पहल बोहरा यूथ ने की और आज यह जागरूकता हर समाज में आयी है। बोहरा यूथ ने पहली बार एम्बूलेस शुरू की आज लगभग हर समाज के पास अपनी एम्बुलेंस इस खिदमत के लिये तैयार रहती है। सभी समाजों में समूहिक विवाह की परिपाटी की सूत्रधार भी यही तहरीक है। बोहरा यूथ के दोनों स्कूल सर्वधर्म सम्भाव का नमूना पेश करते है। बोहरा यूथ डिस्पेंसरी भी विविध सेवाओं के लिये जन–हित का आधार बनी हुई है और तरक्की की बुलन्दियों तक पहुंचने वाला दि उदयपुर अरबन कॉ–आपरेटिव बैंक भी बोहरा यूथ की पहल का नतीजा है।

इसीलिए बोहरा यूथ की तहरीक समाज के लिये वरदान है समय की जरूरत है इसे नफरत से नही प्यार से देखिये। क्योंकि प्यार ही प्यार है।

आबिद अदीब

बोहरा यूथ की मुजाहिद ख़्वातीन

इसलाही तहरीक वह भी कठ मुल्लाओं की कारकिर्दगी पर सवालिया निशान उठाती हो ख्वातीन की बराबर की हिस्सेदारी के बिना सम्भव हो ही नही सकती। हमारी तहरीक में भी अगर बहनें न हो तो शायद बोहरा यूथ का वजूद न हो। तहरीक को आगे बढ़ाने मे बहनों ने अपनी जिम्मेदारी को पूरी तरह समझा एक ओर इदारे कायम मे आया वह है बोहरा यूथ गर्ल्स विंग। गर्ल्स विंग की बुनियाद डालते वक्त तत्कालीन ज़िम्मेदार बहनों में जिसमें मोहतरिमा हमीदा बाई का नाम सरे फहरिस्त है ने मिल कर पूरी दूरअंदेशी के साथ इदारे को कयाम करने का तहिईया किया और इसके मकसद में तहरीक के अलावा बहनों की तालीमों तरबीयत, उनकी माली परेशानियां, सेहत से जुड़ी परेशानियों के निराकरण को शामिल किया। बहनों ने न सिर्फ इन अग्राजो मकासिद को संविधान का हिस्सा बनाया बल्कि उस पर अमल करने की पहल भी की। अपनी बुनियाद के पहले ही साल में एक तरफ तहरीक की रोज़ मर्राह की परेशानीयों से जूझती रही और दूसरी तरफ एक लाइब्रेरी कायम की। सिलाई, बुनाई और उर्दू क्लासे शुरू की इन सब कामों के लिये बहनों के सर्मपन का यह आलम था कि वह अपने खान–पान की कोई फिक्र नहीं करती थी कभी–कभी अपने फैमेली की भी सुध नहीं ले पाती थी। बोहरा यूथ की बहनों के समर्पन की दासतां बोहरा यूथ गर्ल्स विंग की बहनों की जुबानी इस कॉलम ज़रिये प्रस्तुत की जा रही है।

फातिमा बाई आर. वी.

फातिमा बाई आर. वी. की पैदाइश ऐसे परिवार में हुई जो पहले ही अपनी कौम के अलावा दीगर समुदाय से भी अच्छे तआलुकात रखता रहा है। फातिमा बाई अपने किशोरावस्था से ही समाज सेवा में पूरी दिलचस्पी रखती थी अपकी समाज सेवा में दिलचस्पी में बहुत बड़ा रोल महिला परिषद का भी रहा है जिसकी आज भी वह सक्रीय सदस्य है। बोहरा तहरीक की बुनियाद का आप पर गहरा असर था लिहाजा परिवारिक दबाव की चिंता किये बिना ही हर मोर्च आगे रहा करती थी। ख़्वाह वह

कोई झापन देना हो, परेशान लोगों की सेवा करना हो अथवा बहनों की फलाह व बेबूदी के लिये कोई प्रोजेक्ट करना हो। अपकी दिलचस्पी का आलम यह था कि आपकी वालिदा बहुत सख्त बीमार थी जिन्हें छोड़ कर तहरीक की खातिर कलकत्ता चली गयी सफर के दौरान आपकी वालिदा दुनिया से चल बसी। तहरीक के शुरूआती दौर में जब बहुत काम हुआ करता था तब फैमिली जिम्मेदारीयों का ख्याल किये बिना ही आप दिन–दिन भर मोर्चे पर डटी रहती थी। यही वजह है आज आपके बच्चे यह कहने में नहीं चूकते कि जितना वक्त आपने तहरीक को दिया अगर हमें देती तो शायद उंची तालीम हासिल कर आला मुकाम पर होते। हालांकि फातिमा बहन को इसका कोई मलाल नहीं है। मगर अफसोस इस बात का है कि वर्तमान *generation* को तहरीक का पूरा इल्म ही नही हैं न ही जमाअत व बोहरा यूथ की जानिब से एसी मुक्कमल कोशिश हो रही है जो 1970 के दशक जैसा जज़्बा वर्तमान पीड़ी के दिलो दिमाग मे बैठा सके और वह उसी जज़्बे के साथ तहरीक को आगे बढानें में अपनी ज़िम्मेदारी को पूरा कर सके। अगर एसा न हुआ तो हमारी कुरबानीयों का कोई महत्व नहीं रह जायगा। अल्लाह अपकी उम्र दराज करें।

आमिना बाई सनवाड़ वाला

आमिना बाई सनवाड़ वाला के बवकार व धर्म परायण खातून है, आपकी मौजूदगी हमेशा ताकत हुआ करती है। तहरीक का हर फर्द आपके वकार से पूरी तरह वाक़िफ है। आप एक बहुत असूदा (Prosperous) परिवार से तआल्लुक रखती है लिहाज़ा कोठार के महमानों का आना जाना आपके यहां लगा रहता था और इनके आदर सत्कार में कोई कसर नही रखती थी। लिहाजा कोठारी अइयाशी से पूरी तरह वाकिफ थी तहरीक के शरूआती दौर में कुछ समझ नही पा रही थी कि आखिर हो क्या रहा है। गालियाकोट काण्ड में जब बिला वजह आपकी बेटी को पीटा गया और आपके पूरे परिवार के साथ लानत मलामत की गयी तब कहीं आपका खून खोल उठा अचानक आप चिल्ला उठी ''बेकसूर लोगों को इस तरह पीटना, बेइज्जत करना अल्लाह को कभी मंजूर नही हो सकता''। और पूरी कूव्वते इरादी के साथ तहरीक में शामिल हो गयी।

आप भी गर्ल्स विंग की चंद जिम्मेदार फाउण्डर मेम्बरों में मुकाम रखती हे, तहरीक के किसी भी मोर्चे पर चाहे वह जुलूस, भूख हड़ताल, कांफ्रेन्स, मज़हबी इजतिमा, शबाबी अंधे अकीदत मंद लोगों द्वारा बेकसूर लोगों को पीटना हो न सिर्फ बराबर शरीक रहती है बल्कि अपने फर्जदों को भी बराबर शामिल रहने की ताक़ीद करती है। यही वजह है कि न सिर्फ आप खुद बल्कि आपका पूरा परिवार तहरीक के हर प्रोग्राम मे सक्रीय रूप से हिस्सा लेता है। अल्लाह आपकी उम्र दराज़ करें।

याहया अली एडवोकेट के जीवन पर एक नज़र

हर माह हमारा यह प्रयास रहेगा कि हमारे उन बुर्जुगों के जीवन का सार प्रस्तुत करें जिसकी तहरीक को दिशा देने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। परन्तु वह हमारे बीच नहीं रहे। हमारी दुआ है कि पाक परवरदिगार की रहमत हमेशा उन पर बनी रहे।

याहया अली एडवोकेट दाऊदी बोहरा समाज की एक ऐसी मशहूर शख़सियत का नाम है, जो उदयपुर शहर के किसी वर्ग या तबक़े में तआरूफ का मोहताज नहीं। वे उर्दू–हिन्दी के क़लमकारों, अदीबों, बुद्धिजीवियों, वकीलों, राजनीतिज्ञों में यकसांतौर पर मक़बूल थे। सुधारवादी बोहरों में तो उनकी हैसियत एक मार्गदर्शक की थी।

एक व्यापारी घराने में 25 मई, 1925 ई. को जन्मे याहया अली को बचपन से ही पढ़ने – लिखने का शौक़ था। लिहाज़ा उन्होंने अपने पुशतैनी धन्धे से परे संजीदगी के साथ तालीम पूरी कर वकालत की डिग्री हासिल की और इसे अपना ज़रीयः–ए–मआश बनाया।

मरहूम याहया अली एक चिन्तन शील, मृदुभाषी और स्पष्टवादी व्यक्ति थे। यही वजह थी कि वे अपने समाज में व्याप्त अंधविश्वास, रूढ़िवाद और कट्रपन्न से उत्पन्न ग़ैर मज़हबी, ग़ैर इन्सानी और ग़ैर मुनसिफ़ाना परम्पराओं के ख़िलाफ जद्दो–जहद करने और समाज को एक नई दिशा, नया विचार देने के संकल्प को पूरा करने में जुट गये।

मरहूम भले ही पेशे से वकील थे लेकिन उनके भीतर छुपे हुए लेखक ने उन्हें एक हमदर्द इन्सान बना दिया था। कई ऐसे माली हालत से कमज़ोर लोग भी थे, जिनके मुक़द्दमों की पैरवी बिना कुछ लिये कर लेते थे। क़ानूनी ड्राफ्टिंग करने में उन्हें महारत हासिल थी।

सन् 1948 ई. में याहया अली ने उदयपुर में उर्दू की एक साहित्यिक संस्था की स्थापना भी की थी, जिसमें शहर और सूबे के कई नामवर कवियों और साहित्यकारों ने भागीदारी की। जामिआ मिल्लिया, दिल्ली की प्रतिष्ठित पत्रिका ''नई रोशनी'' में समय–समय पर छपते रहे और लोक प्रियता हासिल करते रहे।

इसके अतिरिक्त 1957 ई. से 1961 ई. तक उदयपुर नगर पालिका के पार्षद चुने गये और एक मकबूल जन–प्रतिनिधि की भूमिका अदा की। उदयपुर क्लॉथ मर्चेन्ट, खाँजीपीर मेमोरियल ट्रस्ट, अन्जुमन स्कूल, सैफी हेल्थ होम, बुरहानिया लायब्रेरी, इंडो सोवियत कल्चरल सोसायटी, दाऊदी बोहरा जमाअत और सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ दाऊदी बोहरा कम्युनिटी आदि अनेक संगठनों में सक्रिय रह कर अपनी अमूल सेवायें दी।



बहुमुखी प्रतिभा के धनी याहया अली को अनेक संगठनों ने सम्मानित किया। बोहरा यूथ की तेहरीक में आपके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। अफसोस है कि ऐसा चिन्तक और विचारक लीडर तारीख 25.2.05 को हमेशा के लिये अलविदा कह गया। खुदा उन्हें अपनी रहमत करे। इदारा इस अज़ीम शखसियत को ख़िराजे–अक़ीदत पेश करता है।

ACTIVITIES REPORT OF AALIM CHARITABLE TRUST

(07 May 2004 to 31 March 2008)

Founded on 07 May, 2004, the AALIM CHARITABLE TRUST (Regd) has achieved substantial progress in its mission during the past 4 years. This report is a tribute to the unflinching support of our donors and the commitment of the Trustees towards a noble cause. The present status of the Trust is that of a Public Charitable Trust without any affiliation. The Trust accounts are audited by M/S V S Nahar & Co, Chartered Accountants. The Trust was granted exemption under Sec 80 (g) of the Income Tax Act valid up to March 2008. A renewal application has been submitted.

Financial Report :

Donations : During the period under review, the trust received donations as follows:

Number of Donors: **31**

Total Amount of Donations: **Rs 8,96,233.00**

Loan Scholarships: The following interest free loan scholarships and Grants-in-Aid were approved by the Board during the past four Financial Years :

1. One student of Engineering at IIT Roorkee -	Rs 75,000/-
2. One student of Engineering in Mumbai University -	Rs 50,000/-
3. One student of MCA at Brindavan College Bangalore -	Rs 1,20,000/-
4. One student of BDS at Govt Dental College, Aurangabad -	Rs 65,000/-
5. One student of MBA at IMT, Ghaziabad -	Rs 21,000/-
6. One student of Engineering at NIT Warrangal -	Rs 75,000/-
7. One student of MBA at Apex Inst of Management, Jaipur	Rs 45,000/-
8. One student of Engineering in Pune University -	Rs 50,000/-
9. Grants-in-aid to seven sponsored students -	Rs 148,260/-
Total -	**Rs 6,49,260/-**

AALIM CHARITABLE TRUST

305 Emerald Towers, Ashwini Marg, Udaipur - 313001

Contact Nos : 9928187372, 9414832106

Students Corner

नाजनीन दाउद B.Com 72 % से पास होकर MLSU की Merit Student रही। उसकी जुबानी वह जिंदगी में अनुशासन को बहुत महत्व देती हैं। उसी की बदोलत वह न सिर्फ पढाई में अव्वल दर्जे में है बल्कि हमारे तहरीक की हर मोर्चे पर भी बराबर शरीक होती है। स्टुडेंट वेलफेयर सोसायटी के कबीना की एक जिम्मेदार मेम्बर होने के नाते वह अपनी तालीम के साथ–साथ न सिर्फ सोसयटी की रोज मर्राह की कार्यवाही में हिस्सा लेती है बल्कि नये–नये विचारों के साथ सोसायटी के दूसरे मेम्बारों को काम करने के लिये प्रोत्साहित करती है। नजनीन के पूरे केरीयर पर रोशनी डालने से पता चलता है कि वह पहली क्लास से B.Com तक अव्वल दर्जे में पास होती रही है। हाल में C.A. की तैयारी में जुटी है। और नाजनीन अपने केरियर के लिये प्रेरणा का स्त्रोत सिद्दीका सेफी को मानती है।

खेरून्निसा रंगवाला एक बहुत होनाहार स्टुडेंट हैं उसने CBSE से Senior Secondary Science (Bio) में 82% अंक प्राप्त कर पास की। वह सोसायटी की कार्यकारिणी की सक्रीय मेम्बर है। पढाई और दीगर जरूरी काम के बाद अपना वक्त स्टुडेंट वेलफेयर सोसायटी के Development में देती है। आप खांजीपीर में रहती है। वहां से वक्त निकाल कर रोज मर्राह के काम के लिये सोसायटी के काम में हाजिर रहती है। बोहरा यूथ तहरीक को मौलिक अधिकार की लड़ाई मानती है और उसकी प्राप्ती के लिये जीवन प्रयन्त संघर्ष करती रहेगी। भाविष्य में Software Engineer बनने की तैयारी में जुटी है।

Letter to the Editor :

आप अपने तअ्स्सुरात और मशविरों से आगाह करते रहें। अधिकतम 200 शब्दों में लिखें।

We invite you to write to us with your views and opinion on any issue. Your letters should not be more than 200 words.

Addressed to: The Editor, All World Bohra Journal, 73, Dr. Zakir Hussain Marg Udaipur 313001

शहीद रजब अली मेमोरियल टुर्नामेंट विजेता रहे प्रतिभागीयों की सूचिः

FIELD EVENT

Prize distribution by Madhusudan ji Ranawat
(Guest of Honour)
First, Second & Third Prize -
(Certificate and Momento)

Fast Cycle
1st Prize: Ashfaq Hussain Mavliwala
2nd Prize: Amir Ghoriya
Third Prize: Amir Germanwala

Hurdle Race (Junior Girls)
1st Prize: Tasneem Khakhed
2nd Prize: Arifa Sabeelwala
3rd Prize: Shama Sabeelwala

Hurdle Race (Junior Boys)
1st Prize: Hussain Gumani
2nd Prize: Amir Gumani
3rd Prize: Ammar D.M.

Hurdle Race (Senior Female)
1st Prize: Sadaf Odawala;
Dr Shakira Bag
2nd Prize: Hussaina D.M.
3rd Prize: Zulekha Mandiwala

Hurdle Race (Senior Male)
1st Prize: Tauseef Dalal
2nd Prize: Farhaz Ahmed Raj
3rd Prize: Suhail Afzal Mandiwala

Lemon Race (Junior Girls)
1st Prize: Kaneez Fatima Mandiwala
2nd Prize: Saba Nath
3rd Prize: Shabnam Nath

Lemon Race (Junior Boys)
1st Prize: Munnawer Hussain;
Ali Asgar Tidiwala
2nd Prize: Amir Ali Rangwala
3rd Prize: Aziz Hasan Kholiyawala

Sack Race (Junior)
1st Prize: Nadeem H. Ognawala
2nd Prize: Rizwan Heetawala
3rd Prize: Asim D.M.

Sack Race (Junior)
1st Prize: Akil Hussain Raj
2nd Prize: Suhail Afzal Mandiwala
3rd Prize: Mehzabeen Kolyariwala

Skipping Race (Junior)
1st Prize: Erum Sanwari
2nd Prize: Arwa Talat

Skipping Race (Senior)
1st Prize: Mehzabeen Kolyari
2nd Prize: Zulekha Mandiwala
3rd Prize: Tabassum Bagwala

Slow Cycle Race (Junior)
1st Prize- Ali Abbas Fateh
2nd Prize: Faizan Ali Khakhed

Slow Cycle Race (Senior)
1st Prize: Munawwer Hussain
2nd Prize: Suhail Kasam
3rd Prize: Sibtain Dehli wala

Three Leg Race (Junior)
1st Prize: Saba-Farha Dawood,Fatima Sabeel-Arifa Sabeel
2nd Prize: Hussain Gumani-Amir Ali Rangwala
3rd Prize: Afroz Ahmed Kholiya- Sarwar Abbas Bag

Three leg Race (Senior)
1st Prize: Azhar Ali Bhalam-Tauseef Dalal
2nd Prize: Farhaz Ahmed Raj-Ali Asgar

Chair Race (Junior Girls)
1st Prize: Muztabi Nazar Sultan
2nd Prize: Kaneez F. Mandiwala
3rd Prize: Saba Nath

Chair Race (Junior Boys)
1st Prize: Faizan Firoz
2nd Prize: Firdos Nath
3rd Prize: Ali Abbas Magar

Chair Race (Senior Female)
1st Prize: Shahista Tidiwala
2nd Prize: Farzana Dehliwala
3rd Prize: Shahin D.M.

INDOOR GAMES

Prize distribution: Janab Ismail Ali Biscuitwala
Certificate and Momento for Winner & Runner-Up

Chess (Junior)
Winner: Anees R.G
Runner-Up: Aftab Gurawala

Chess (Senior)
Winner: Muzaffer Ali Khakherwala
Runner-Up: Arif Ali Mahuwala

Table Tennis (Junior)
Winner: Anees Ali R.G
Runner-Up: Faizan Ali Khakhedwala

Table Tennis (Senior)
Winner: Riryaz Raj
Runner-Up: Anees Ali Heetawala

Carom (Junior)
Winner: Aslam Ahmed Katha Wala
Runner-Up: Akhyar Ahmed Kathawala

Carom (Senior)
Winner: Firoz Nath
Runner-Up: Tauseef Dalal

CRICKET

Prize Distribution by Shree Ganshyam Singhji Krishnawat (Chief Guest)
Certificate and Momento for Winner and Runner-Up
Winner: Royal Cricket Club (RCC)
Sajid Hussain Attari (Captain); Shabbir Hussain; Abbas Patwala; Tanveer Sagar; Adnan Hussain; Mustan Sir Lohawala; Adil Ali Panwala; Aftab Kasam; Anwar Hita; Jabir D.M.; Hakim Dilwara; Kosar Ali Ogna
Runner-Up: Fateh Cricket Club (FCC)
Aqib Palana (Captain); Shahid Pachisa; Muzammil K.R; Muzahir K.R; Arif Ali; Arif Bag; Riyaz Peepa; Azhar Ali; Atif Panwala; Asrar Jawariya; Asrar Batli; Kezar Hitawala
Best Perfomance Award : Momento
Best Bowler : Sajid Attari from RCC
Best Batsman : Mustan Sir Lohawala from RCC
Best Fielder : Shabbir Hussain from RCC
Man of the Tournament : Asrar Jawariya from FCC
Special Prize by Noble Bearing and Tools Co.
Prize Distribution by Janab Anees Miyaji
Cash prize of Rs101 for every sixes
Super Sixes : Asrar Jawariya of FCC
Adil Ali Panwala of RCC
Token of Honour to B.A.S.E. Team (Runner-Up in district level tournament)
Distribution by Abid Adeeb
Momento to all team members
Token of Honor for Perfomance at National level in respective field)
Prize Distribution by Janab Anees Miyaji
Chess : Muzzaffar Hussain Khakhed
Under 18 Chess : Anees R.G.
Cricket : Mustansir Amar

REFEREES AND UMPIRES

Shabbir Nasir, Abid Ali R.G, Munnawar Hussain Kagzi, Mumtaz Kadar, Asgar Ali Muhib, Fida Hussain Pachisa, Anees Hitawala, Firoz Nath, Ali Mazhar Rassawala, Ajab R.G, Ketan Ramanuj

Chief Guest of inaugural function Shree Madhu Sudan Ji Ranawat

Chief Guest Of this Function Shree Ghanshyam Singh Ji Krisnawat

Guest of Honour of Function Janab Ismail Ali Biscuitwala

मुख़्तलिफ खबरें .....

स्टुडेन्ट वेलफेयर सोसायटी की सलाना बैठक

स्टुडेन्ट वेलफेयर सोसयटी की सालाना बैठक तारीख 3,जून को सम्पन्न हुई बैठक की शुरूआत हुसैन चाचुलिया वाला द्वारा तिलाव्ते कलाम–ए–पाक से हुआ। जिसमें सोसायटी के सेक्रेट्री अजीज पलानावाला ने सोसायटी के भविष्य की योजना पर रोशनी डाली। इसी पर विस्तार से रोशनी डालते हुए जनाब युसुफ अली आर.जी. ने बताया कि अब तक सोसायटी स्टूडेंट को सिर्फ किताबें ही उपलब्ध करवाती रही है। इंससे एक कदम आगे बढाते हुए अब कॉलेज में आने पर छात्रों की फीस भी सोसायटी वहन करेगी।

इसके लिये मेम्बरों में अनुशासन का होना, उन्हे सोसायटी के प्रति पूरी तरह वाफादार होना बहुत जरूरी है। हाल मे बजट की पॉजीशन को देखते हुए सोसायटी अपने इस कदम के लिये बोहरा यूथ की तरफ देखती है। और इस बात का विश्वास दिलाती है कि जिस तरह 70 के दशक में सोसयटी अपनी जिम्मेदारी को निभाती थी उसी तरह भविष्य में निभाने की कोशिश करेगी।

बोहरा यूथ के जनरल सेक्रेट्री लियाकत अमर ने इस मौके पर बोलते हुए कहां कि जिस जिम्मेदारी से बच्चे काम कर रहे है उसे देख कर 1970 का दशक याद आता है। सोसायटी जो नमुमकिन को मुमकिन कर ने जा रही है उसमें बोहरा यूथ हर मुमकित तआवुन करेगा। इस बाद बोहरायूथ के अध्यक्ष जनाब हुसैन उदयपुरी ने भी अपने विचार रखे।

इस मौके पर दाउदी बोहरा जमाअत के सदर जनाब अबिद अदीब साहब नें जनकमदज के इस होसले को सराहते हुए हर मुमकिन मदद की मंजूरी दी पर इस बात की और इशारा किया कि बच्चे ज्यादा से ज्यादा जिम्मेदार बने और सबसे पहले अपना केरीयर बनाये।

अन्त मे सोसायटी के अध्यक्ष तौसीफ अली टीडी वाला ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन फरहाद हुसैन मंडीवाला ने किया।

दाऊदी बोहरा वेलफेयर सोसायटी की सालाना बैठक।

दाउदी बोहरा वेलफेयर सोसायटी की बुनियाद 1989 में बोहरा बिरदरी के कमजोर तबके को सम्बल प्रदान करने व कौम की सभी सस्थाओं के चंदे की जरूरत को खत्म करने की गरज से डाली गयी।

सोसयटी की 16 सालाना रिर्पोट के मुताबिक सोसायटी के वर्तमान में लगभग 1600 सक्रीय सदस्य है जिसकी जमा रकम 60.00 लाख के करीब है, कुल 450 सदस्यगण इस राशि का उपयोग कर लाभान्वित हे।

बोहरा यूथ के सचिव लियाकत अमर ने सभा को सम्बोधित करते हुए समुदाय के विकास में सोसायटी की भागीदारी की प्रशंसा की और अध्यक्ष शब्बीर फैज़ी व सचिव अल्ताफ मेहमूदा की निःस्वार्थ सेवाओं के लिये आभार व्यक्त किया। आपने समुदाय में बुजुर्गों के लिये एक सेंटर कायम करने के लिये सोसायटी से मदद की दरख्वास्त की।

इस अवसर पर दाउदी बोहरा जमाअत के सदर आबिद अदीब ने बताया कि समाज की बहतरी, खुशहाली व तरक्की इस बात पर निर्भर है कि हम इतिंजामिया की जानिब से जारी किये गये नीतियों पर अमल करें। तंकीद सीमा मे रह कर ही करें।

दाउदी बोहरा वेलफेयर सोसायटी की इस प्रस्ताव को सराहते हुए कि यह एक कम्यूनिटी बैंक की शकल ले रही है। हर सम्भव सहयोग की कामना की और लम्बे अरसे से सोसायटी की फी सबीलिल्लाह खिदमात को तसलीम करते हुए सदर शब्बीर फैजी और सचिव अल्ताफ मेहमूदा का जमाअत की जानिब से शुक्रीया इनायत फरमाया।

अंत में सोसायटी के सस्थांपक सदस्य हुसैन उदयपुरी ने शुक्रिया की रस्म से सभा को विर्सजित किया। संचालन युसुफ अली आर.जी. ने किया।

दीनी कलाम और दीनी तालीम

1. कुरान पाकः ''व अन्न इला रब्बिकल–मुन्तहा (ला)'' (सुरः नज्म आयत 42 पारा 27)

तर्जुमा 1

और यह कि तुम्हारे परवरदिगार ही के पास पहुँचना है

(हिन्दी कुरान मजीद तर्जुमा फतेह मोहम्मद खान जालंधरी)

तर्जुमा 2

और यह बात कि इंतिहा तुम्हारे ''रब'' ही की तरफ है

(इस्माइली तफसीर शेख अहमद अली (रे.अ.)

टिप्पणी – कुरान शरीफ में देखने पर मालूम पड़ेगा कि न सिर्फ यह देखने में एक छोटी आयत लगती है बल्कि इसके खातिमें पर रमुज़े ओक़ाफ की अलामत ला–लाम और अलिफ है! तिलावते कलामें पाक के आदाब में यहाँ रूकने या न रूकने दोनों की इजाज़त है! यहां पर दो लफ़्जी तर्जुमें, दिये गए है! दोनों समान नजर आते है।

परंतु मुफस्सीरीन ने इस आयत का अल्लाह के अस्तित्व की दलीलों में से एक (कोई कहता है पहली) दलील बताया है! मर्हूम शेख अहमद अली साहब (रे.अ.) इस आयत पर तफसीर करते हुए लिखते है कि लोग अल्लाह की सिफात में बहुत कुछ कहते, यह आयत उतरी तो ख़ामोश हो गए। मज़ीद एक हदीस का मफहूम पेश करते हुवे कहते है कि जब बात अल्लाह तक पहुँचे तो खामोश हो जाओ अल्लाह की शान में कुछ नहीं कहा जा सकता। अल्लाह (सु.) तमाम सिफात और अस्माअ (नामो) से मुनज्ज़ा मुकद्दस है बर तर बाला है। दुसरी तफसीर वह यह करते है कि इसकी दूसरी मायना यह कि और उसी (अल्लाह) ही की तरफ मसीर है मआद है, लोग और उनके आमाल अल्लाह तक मुन्तही (इंतिहा को) होंगे, यह अल्लाह अव्वलीन का अव्वल और आख़िरीन का आख़िर है मुब्दी (पैदा करने वाला) और मुन्तही है! (माखुज़ – इस्माइली तकसीर मंजिल 67 पृष्ठ 234) रेखांकित (Underlined) भाग, रोमांचक, होने से इसकी तफसीर Rationalists कैसे करते है वह पैश है। Rationalists 'cause and effect' में विश्वास रखते है!

तर्जुमा

और तमाम (रचनाओं का) का अंत तो निशंशय तुम्हारे पालनकर्ता

('रब') की तरफ ही आएगा।

